टाइम्स ऑफ़ पीडिया

ٹائمس آف پیڈیا

TIMES OF PEDIA

NEW DELHI Page 12 Price ₹ 3.00

अनोखे अंदाज़ और निराले तेवर के साथ इंसाफ़ की डगर पर

www.timesofpedia.com

WEEKLY HINDI ENGLISH URDU

WED 01 DEC - TUE 07 DEC, 2021

VOL. 9. ISSUE 50

RNI No. DELMUL/2012/47011

किसानों का आंदोलन अभी रहेगा जारी

किसान पिछले साल 26 नवंबर से दिल्ली की सीमाओं पर डेरा डाले हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि उनकी सरकार तीनों विवादास्पद कानूनों को वापस लेगी. कृषि कानूनों की वापसी के एलान के बावजूद किसानों का आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ है. दिल्ली बॉर्डर पर एक बार फिर किसानों को जमावड़ा शुरू हो गया है. बड़ी संख्या में किसान सड़कों पर जुट रहे हैं. हालांकि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने संबंधी विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी. संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने से संबंधित विधेयक पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध है.

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने बुधवार को कहा कि कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहा किसानों का आंदोलन अभी खत्म नहीं होगा और आगे की रूपरेखा 27 नवंबर को तय की जाएगी.

टिकैत ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के केंद्र सरकार के दावों को लेकर भी प्रदर्शनकारी उससे सवाल करेंगे. टिकैत ने ट्वीट किया, श्ये आंदोलन अभी खत्म नहीं होगा. 27 नवंबर को हमारी बैठक है जिसके बाद हम आगे के निर्णय लेंगे. मोदी जी ने कहा है कि एक जनवरी से किसानों की आमदनी दोगुनी हो जाएगी तो हम पूछेंगे कि कैसे दोगुनी होगी. किसानों की जीत तब होगी जब उन्हें अपनी फसलों के उचित दाम मिलेंगे.श हालांकि, राष्ट्रीय किसान मजदूर सभा के प्रतिनिधि और किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की मंत्रिमंडल से मिली मंजूरी को श्बड़ा दिनश करार दिया और कहा कि इससे सरकार का रुख श आधिकारिकश हो गया है.

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के तत्वावधान में किसान पिछले साल संसद द्वारा पारित तीन कानूनों को निरस्त करने और सभी फसलों के लिए एमएसपी को वैध बनाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं. इस समय सरकार चावल और गेहूं को प्रमुख रूप से एमएसपी प्रदान करती है, भले ही सूची में 21 अन्य फसलें भी हैं. आंदोलनकारी किसानों की मांग है कि सरकार को एमएसपी को कानूनी दर्जा देना चाहिए जिसमें किसान से खरीदारी करने वाला निजी व्यापारी भी हो, तो उपज को एमएसपी या उससे अधिक के बराबर दर मिलती है. किसान को एमएसपी से नीचे भुगतान करने वाले को कानूनी सजा दी जाएगी. —एजेंसी

Ali Aadil Khan - Editor's Desk

अय्याश और आंतकियों के सामने सरकार नतमस्तक

लोक सभा सत्र के दौरान किसान आंदोलन के सिलसिले में कई सवाल पूछे गए जिनमें मृतक किसानो का मुदा सबसे अहम् है, आज उसी पर खास बात रहेगी. आजके प्रोग्राम में आपको यह भी बताएँगे की बिकाऊ मीडिया किस तरह से अपने फर्ज से मुंह मौड़ रहा है और सिर्फ पैसा उसका लक्ष्य बन गया है.

सरकार से सवाल पूछा गया कितने किसानों की मौत हुई? जवाब मिला हमारे पास आंकड़े नहीं हैं.

सवाल हुआ की क्या मृतकों के परिवारों को मुआवजा मिलेगा? कृषि मंत्री ने जवाब दिया आंकड़े नहीं हैं तो मुआवजा का सवाल ही नहीं उठता, सवाल हुआ की अगर आंकड़े मिल जाते हैं तो क्या मुआवजा दिया जाएगा, जवाब में सिर्फ खामोशी थी.

संसद में सवाल पूछा गया की आंकड़े इकठ्ठा क्यों नहीं किये गए? केंद्र सरकार ने कहा आंकड़े इकठ्ठा करना राज्ये सरकारों की जिम्मेदारी होती है

जबकि पंजाब सरकार ने आंदोलन में मरने वाले किसानो का आंकड़ा पेश किया और जानकारी दीऋजिसमें बताया गया 2021 के मध्य तक 220 किसानों की मौत हुई और 10 करोड़ 68 लाख का मुआवजा भी दिया गया, अभी कुछ को देना बाकी है. जब एक राज्य ने आंकड़े इकठ्ठा कर लिए तो दुसरे राज्य क्यों नहीं कर पाए खास तौर से गैर भाजपाई शासित राज्य आंकड़े क्यों नहीं दे पा रहे? सवाल तो सबसे ही होगा न?

ष्देश से माफी मांगते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, ष्मैं सच्चे और शुद्ध मन से कहना चाहता हूं कि शायद हमारी तपस्या में कुछ कमी थी कि हम अपने कुछ किसान भाइयों को समझा नहीं सके.ष लेल्किन सवाल यह है की अगर कुछ किसानों को नहीं समझा सके तो क्या ज्यादातर को समझा दिया गया है?

वैसे बकौल गोदी मीडिया के अय्याश जीवी, आंदोलन जीवी, पाकिस्तानी, खालिस्तानी और आतंकी कहे जाने वाले किसानो के लिए न तो किसी तपस्या की जरुरत होनी चाहिए थी और न ही समझने और समझाने की, लेकिन आज उन्ही अय्याश जीवियों के लिए संसद की कार्रवाई चली और कानून वापस लिया गया,

अब जिनको ये ढोंगी मीडिया आतंकी, अय्याशजीवी और पाकिस्तानी बता रहा था उनकी जीत हो गयी दुसरे अल्फाज में कहें तो सरकार अय्याशों, खालिस्तानियों और आतंकियों के सामने नतमस्तक होगी, अगर ऐसा नहीं है तो अब ये मीडिया भी इन किसानों से माफी मांगे, जिनके लिए मोदी जी जैसा लोह पुरुष माफी रहा है. खैर

हमें लगता है देशभक्त इसपर सत्ताधारी पार्टी और ढोंगी मीडिया को सबक जरूर सिखाएंगे, अगर सच्चे देशभक्त हैं तो.. इससे यह भी तयरू करना आसान होगा की किसान आंदोलनकारी फर्जी हैं या खुद को देशभक्त कहलाने वाले मीडिया हाउस और अंधभक्त.

वैसे फर्जी आन्दलोनकारियों ने देशभक्त मीडिया को काफी दौड़ाया इस बार, टिकने ही नहीं दिया टिकैत और उनके साथियों ने और 1 दिसंबर की घटना ने तो तय कर दिया की टिकैत की पूरी कैबिनेट गोदी मीडिया को बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है. हालांकि इन मीडिया studios में एक बार फिर उन किसानों को कोसना शुरू कर दिया है जिनकी वजह से प्रधान मंत्री जी देश से माफी मान चुके हैं. हमारी नाराजगी उन मीडिया कर्मियों से ज्यादा है जो पत्रकारिता के पाकीजा पेशे को बदनाम करने पर उतारू हैं, और सहाफत के खूबसूरत और मजबूत जिस्म को बेजाँ बना दिया है जिसमें से अब बदबू आने लगी है, बचे इक्का दुक्का मीडिया घराने अगर जिंदा न होते तो शायद जर्नलिज्म की नस्ल ही खत्म हो गयी होती.

वैसे आंकड़ों का खेल पुराना है. कोरोना से मरने वालों की सही संख्या न बताने और छुपाने पर विपक्ष और कई संस्थाए सरकार को सवालों के घेरे में लेती रही है, इसी सम्बन्ध में ऑक्सीजन की कमी से मरने वालों का आंकड़ा जब पूछा गया था तो भी सरकार ने इससे पल्ला झाड़ लिया था और कहा हमारे पास इसका आंकड़ा ही नहीं है,बल्कि इससे और आगे निकल कर कहा गया की मौतें ऑक्सीजन की कमी से नहीं हुई. यानी साफ झूट बोल दिया गया. अब कोरोना से मरने वालों की जानकारी हासिल करने के लिए आईसीएमआर की तरफ से राज्ये सरकारों को जो Performa भेजा गया था उसमें ऑक्सीजन की कमी से मरने वालों की संख्या का Column ही नहीं था. यानी आंकड़ों की सही तादाद इकट्ठा करने की जेहमत ही नहीं की गयी थी.

दरअसल 100 प्रतिशत सही आंकड़ों की जानकारी लगभग किसी भी क्षेत्र में नहीं है. प्रवासी मजदूरों की कोरोना समय में पलायन के दौरान होने वाली मौतों की संख्या का आंकड़ा भी सरकारों के पास मोहय्या नहीं हैं. कोरोना काल में कितने स्कूली बच्चों ने पढ़ाई छोड़ दी है इसका भी कोई डाटा हमारी सरकारों के पास नहीं है.देश में आदर्श ग्राम योजना के तहत कितने ग्राम आदर्श बन गए हैं, और कितने स्मार्ट शहर बन चुके हैं इनका हिसाब बहुत जल्द पता लग जाऐगा.

Editor/Owner/Printer/Publisher: Ali Aadil Khan, K-2-A-001, Abul Fazal Enclave-I, Jamia Nagar, Okhla, ND - 25. **Printed at :** Shobi Offset Press, 2818, Gali Gadhiaiya, Kuchachalan, Daryaganj, ND. - 2

सरकार के पास बुंदेलखंड के विकास के लिए कोई योजना नहीं है- प्रियंका गांधी

प्रियंका गांधी ने कहा, कोरोना काल में आर्थिक तंगी के चलते बिजली बिल न जमा करने वालों का बिजली बिल भी माफ होगा. महिलाओं को साल में तीन घरेलू गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे.2022रू कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को श्लड़की हूं, लड़ सकती हूं के नारे के उद्घोष के साथ कहा कि भाजपा की नई खनिज नीति, किसानों की दुर्दशा, पानी की समस्या, बेरोजगारी, महंगाई के चलते बुंदेलखंड का बुरा हाल है. प्रियंका ने दावा किया कि श्हम भाजपा की लूट वाली नीति को खत्म करेंगे.श कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने छत्रसाल स्टेडियम में श्प्रतिज्ञा रैलीश में वादा किया, ष्उत्तर प्रदेश में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो किसानों का पूरा कर्ज माफ होगा और महिलाओं को साल में तीन घरेलू गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे.

प्रियंका गांधी ने कहा, ष्कोरोना काल में आर्थिक तंगी के चलते बिजली बिल न जमा करने वालों का बिजली बिल भी माफ होगा.बुंदेलखंड के किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए प्रियंका ने कहा कि बुंदेलखंड के संसाधनों पर बुंदेलखंड के लोगों का हक है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर बुंदेलखंड को छलने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि खाद की कमी के चलते बुंदेलखंड में किसान आत्महत्या कर रहे हैं. उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए दावा किया कि दो सालों में 1500 किसानों ने आत्महत्या की.

बुंदेलखंड के विकास के लिए काम करने का भरोसा देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की तरह चुनावी बुंदेलखंड विकास बोर्ड नहीं बल्कि इसके लिये स्थाई बुंदेलखंड विकास बोर्ड बनेगा. बुंदेलखंड विकास बोर्ड के लिए हर साल विकास का बजट दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि महोबा में वीर आल्हा–ऊदल के नाम पर एक बड़ा सांस्कृतिक केंद्र बनायेंगे. उन्होंने कहा कि हमने छुट्टा जानवरों के लिए छत्तीसगढ़ के मॉडल को लागू करने की योजना बनायी है और हमारी सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ मॉडल यहां लागू करेंगे.

कांग्रेस महासचिव ने भरोसा दिया हमने ये भी तय किया है जिन परिवारों को सबसे ज्यादा आर्थिक मार कोरोना की पड़ी है, जिनके छोटे–छोटे कारोबार बंद हुए उनको 25000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी.श्श साथ ही यह भी कहा श्श्हमने यह भी तय किया कि 20 लाख सरकारी रोजगार देंगे और हमारी सरकार बनने के बाद कोई भी बीमारी हो तो 10 लाख रुपये तक का इलाज सरकार करवायेगी.

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार के पास बुंदेलखंड के विकास के लिए कोई योजना नहीं है. उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा श्आप पूछिये कि यहां के पान के लिए क्या योजना है, भंवर सागर के लिए क्या योजना है.श उन्होंने कहा कि पत्थर यहां का सोना है लेकिन सरकार की गलत नीतियों के कारण यहां के लोगों को कुछ नहीं मिल रहा है. उन्होंने सरकार पर पर्यटन उद्योग को बर्बाद करने का आरोप लगाया. कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी शनिवार दोपहर बाद महोबा पहुंचीं. रैली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी, पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू भी मौजूद थे.

–एजेंसी

क्या बिहार में शराबबंदी विफल साबित हो रही है?

बिहार में शराबबंदी किस कदर विफल साबित हो रही है, उसका उदाहरण मंगलवार को विधानसभा परिसर में ही देखने को मिला. यहां उस समय सनसनी फैल गई जब शराब की कई खाली बोतल मिलीं. विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव खुद उस जगह पर गए, जहां शराब की बोतलें पड़ी थीं.तेजस्वी ने इसे लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमले करते हुए उन्हें घेरने की कोशिश की.

तेजस्वी ने कहा कि ऐसे समय जब विधानसभा की सुरक्षा इतनी कड़ी है. तब शराब के बोतलें मिलना साफ करता हैं कि बिहार में शराबबंदी नाकाम है. उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा परिसर में कितने धड़ल्ले से शराब की बोतल पहुंच गई. अगर बिहार विधानसभा में बोतल पहुंच गई तो सीएम को इस्तीफा दे देना चाहिए. जहां सीएम खुद बैठे हैं, वहां से यह स्थान 100 मीटर भी नहीं होगा.

तेजस्वी ने कहा कि बिहार विधानसभा के अंदर शराब की बोतल कहां से आई ?मुख्यमंत्री को खुद मुआयना करना चाहिए. शराब माफिया के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तस्वीर हमने देखी है. नीतीश कुमार के मंत्रियों को अपराध करने की छूट है. ब्ड को बिहार की जनता से माफी मांगनी चाहिए. उन्होंने कहा कि बेराजगारी, चिकित्सा, पलायन आदि मामलों में इस सरकार ने बिहार को बदनाम कर दिया है. बिहार में जहरीली शराब से 70 से ज्यादा मौतों को लेकर आलोचना झेल रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में स्वीकार किया था कि राजधानी पटना में शराब बिक भी रही है और लोग पी भी रहे हैं. शराबबंदी के मामले में नीतीश को अपने ही सहयोगी दल बीजेपी की भी आलोचना का सामना करना पड़ा रहा है.

बिहार भाजपा अध्यक्ष और लोकसभा सांसद संजय जायसवाल ने कुछ समय पहले कहा था कि पुलिस की मिलीभगत के बिना राज्य में अवैध शराब की बिक्री नहीं हो सकती. जायसवाल ने कहा कि निश्चित रूप से इस नीति की समीक्षा करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा था कि स्थिति भयावह है. पुलिस प्रशासन की मदद से ही पूर्वी चंपारण क्षेत्र में शराब का कारोबार हो रहा है.

हालांकि नीतीश कुमार ने शराब बंदी को कड़ाई से लागू करने के लिए पिछले हफ्ते कई फैसले भी लिये थे. चौकीदार से लेकर आला अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई थीं. लेकिन इस कड़ाई का असर नहीं दिख रहा है.

–एजेंसी

NOTICE:

Times of Pedia does not guarantee, directly or indirectly, the quality or efficacy of any product or services described in the advertisements or other material which is commercial in nature in this Newspaper. Furthermore, Times of Pedia assumes no responsibility for the consequences attributable to inaccuracies or errors in the printing of any published material from the news agencies or articles contributed by readers. It is not necessary to agree with the views published in this Newspaper. All disputes to be settled in Delhi Courts only.

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में डेंगू का कहर

नई दिल्लीः राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में डेंगू का कहर थम नहीं रहा है लेकिन बीते कुछ हफ्तों के मुकाबले रफ्तार जरूर कम हुई है. सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष डेंगू के 8276 मामलों की पुष्टि हुई है.वहीं एक सप्ताह में 1148 डेंगू के मरीज सामने आए हैं. डेंगू के मामलों में पिछले हफ्तों के मुकाबले इस हफ्ते गिरावट देखी गई है. इसके अलावा मलेरिया के 167 केस और चिकनगुनिया के 89 मामले सामने आए हैं. इसके साथ ही बीते हफ्ते चिकनगुनिया और मलेरिया का एक भी मामला नहीं बढ़ा है.

यदि पिछले वर्षों के डेंगू के आंकड़ों की बात की जाए तो वर्ष 2020 में कुल 1072 मामले दर्ज किए गए, वहीं 2019 में 2036, 2018 में 2798, 2017 में 4726 और 2016 में 4431 मामलों की पुष्टि हुई थी.

नगर निगम की जारी एक रिपोर्ट में सामने आया है कि, नवंबर महीने की 27 तारीख तक ही अकेले 6739 डेंगू के मरीज सामने आए हैं.

–एजेंसी

पेपर लीक से प्रिंटिंग फर्म की भूमिका पर संदेह

यूपी–टीईटी का पेपर परीक्षा शुरू होने से 12 से 15 घंटा पहले ही आउट हो गया था. सभी डेढ़ सौ प्रश्नों के हल शनिवार रात से रविवार सुबह तक व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजे गए. आश्चर्य की बात है के सभी डेढ़ सौ प्रश्न पेपर के हूबहू थे और उनके सटीक जवाब भी हल कर लिए गए थे. इसमें कम से कम डेढ़ से 2 घंटे का समय लगा होगा. सुबह इसकी भनक एसटीएफ को लगी तो पूरे तंत्र के कान खड़े हो गए और आनन–फानन में गिरफ्तारियों का दौर शुरू हो गया.

मुख्यमंत्री तक बात पहुंची तो उन्होंने तत्काल परीक्षा निरस्त करने के आदेश जारी कर दिए. विधानसभा चुनाव से पहले इतनी बड़ी घटना से सरकार की भी किरकिरी हुई है. हालांकि मुख्यमंत्री ने यह साफ कर दिया है कि जो भी इस मामले में दोषी मिलेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. इस पूरे प्रकरण में पेपर कैसे आउट हुआ या बहुत बड़ा मुद्दा बन गया है. परीक्षा से दो घंटा पहले पेपर मजिस्ट्रेट की निगरानी में केंद्रों तक पहुंचाया जाना है. ऐसे में सवाल है कि 12 से 15 घंटा पहले नकल माफिया के हाथ पेपर कैसे लग गया. इस प्रकरण में प्रिंटिंग फर्म की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है. ऐसा इसलिए भी है क्योंकि इससे पहले परीक्षा नियामक प्राधिकारी की ओर से कराई गई 68500 शिक्षक भर्ती परीक्षा में भी प्रिंटिंग फर्म ने भारी अनियमितताएं की थी. ऐसे अभ्यर्थियों को पास कर दिया गया था जो परीक्षा में शामिल ही नहीं हुए. इस प्रकरण में तत्कालीन सचिव सुत्ता सिंह को निलंबित कर दिया गया था. इससे पहले भी बीटीसी के पेपर लीक प्रकरण में प्रिंटिंग फर्म के मालिक की गिरफ्तारी हो चुकी है.

पेपर लीक के बाद एक बड़ा सवाल उठ रहा है कि गवर्नमेंट प्रेस से प्रश्न पत्र क्यों नहीं छपवाए जाते हैं. प्राइवेट लोगों के हाथ में यह काम क्यों सौंपा जाता है. जब यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए करोड़ों कापियां राजकीय मुद्रणालय में छपवाई जा सकती हैं तो पेपर छपवाने जैसे महत्वपूर्ण और गोपनीय कार्य को निजी लोगों के हाथ में क्यों दिया जाता है. जो कुछ रुपयों के लालच में इसे लीक कर सकते हैं.

–एजेंसी

आयकर विभाग ने राजस्थान में तलाशी अभियान चलाकर छापे मारे

आयकर विभाग ने 23.11.2021 को जयपुर में आभूषण एवं रंगीन रत्नों के निर्माण तथा निर्यात कार्य में लगे एक समूह के ठिकानों पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया. इस कार्रवाई के दौरान जयपुर और उसके आसपास के विभिन्न स्थानों पर 50 से अधिक परिसरों पर छापे मारे गए.

तलाशी अभियान के दौरान यह पता चला कि उपरत्नों और कीमती पत्थरों के लिए कच्चा माल अफ्रीकी देशों से आयात किया जाता है और इन्हें जयपुर में परिष्कृत किया जाता है. तराशे हुए तथा पॉलिश किए गए रत्नों की खेप को रख लिया जाता है और इनका कुछ हिस्सा नकद में बेचा जाता है, जिससे बेहिसाब आमदनी होती है और उसे बही खातों में दर्ज नहीं किया जाता है. इस तरह की गैर हिसाबी धन को फिर एक वित्तीय दलाल के माध्यम से नकद ऋण प्रदान करके ब्याज अर्जित करने के लिए उपलब्ध कराया जाता है. तलाशी लेने वाली टीम ने ऐसे नकद ऋणों के संवितरण और उस पर अर्जित ब्याज के दस्तावेजी तथा डिजिटल साक्ष्य जब्त किए हैं.

लेनदेन की इस प्रकृति को वित्तीय दलाल द्वारा दाखिल किया गया है. इन सब के अलावा, बेहिसाब बिक्री और खरीद, स्टॉक में अंतर, गैर–वास्तविक असुरक्षित ऋण तथा शेयर आवेदन राशि आदि से संबंधित साक्ष्य भी बरामद किये गए हैं. इसके अतिरिक्त, विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से संचालित समूह की संस्थाओं से दस्तावेज भी मिले हैं, जो यह दर्शातें हैं कि वे इन इकाइयों से अधिक लाभ घोषित करने के लिए अनुचित कार्य प्रणालियों में लिप्त हैं क्योंकि इन इकाइयों से प्राप्त होने वाली धनराशि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10एए के तहत छूट के लिए पात्र है.

तलाशी कार्रवाई में करीब चार करोड़ रुपये नकद और नौ करोड़ रुपये मूल्य के जेवरात बरामद हुए हैं. अब तक, समूह में 500 करोड़ रुपये से अधिक की अघोषित आय का पता लगाया गया है, जिसमें से 72 करोड़ रुपये की कुल राशि को संबंधित समूह संस्थाओं द्वारा अपनी अघोषित आय के रूप में स्वीकार किया गया है.

आगे की कार्रवाई जारी है.

–पीआईबी

उत्तर प्रदेश में चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में आरोप प्रत्यारोप की लड़ाई हुई तेज

उत्तर प्रदेश में जैसे–जैसे चुनाव करीब आ रहा है, राजनीतिक दलों में आरोप प्रत्यारोप बढ़ता जा रहा है. भाजपा के ट्विटर हैंडल से आज एक ट्वीट आया जिसमें प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की तस्वीर छाप कर बेटियों के साथ दरिंदगी का जिक्र किया गया है.ट्वीट में लिखा है भूले तो नहीं. बसपा सरकार में बेटियों के साथ हुई दरिंदगी और तस्वीर में 21 जून 2011 के अखबार की एक खबर है जिसमें महिलाओं के साथ तत्कालीन मायावती सरकार में हुई दरिंदगी की बात की गई थी. इस ट्वीट के आते ही सोशल मीडिया यूजर्स के रिएक्शन आने लगे.

यूपी भाजपा के हैंडल से मायावती की तस्वीर के साथ ट्वीट आते ही सोशल मीडिया में प्रतिक्रियायों का दौर शुरू हो गया. यूजर्स ने प्रदेश की हालिया कानून व्यवस्था पर दुख व्यक्त करते हुए तीखी टिप्पणियाँ कीं. बता दें कि हाल ही में हुई प्रयागराज की जघन्य घटना पर मायावती ने ट्वीट कर योगी सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए थे, और प्रदेश में हुईं हाथरस, मथुरा जैसी घटनाओं पर भी आक्रोश व्यक्त किया था. भाजपा के इस ट्वीट को मायावती के बयान पर पलटवार के रूप में देखा जा रहा है.

वहीं एक दूसरे यूजर ने कहा की भूले तो नहीं. और हाल ही में हुई प्रयागराज की घटना और हाथरस वाली घटना की तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि इन्हें शर्म नहीं आती, हाथरस ,प्रयागराज दिखाई नहीं देता है. इस तरह की प्रतिक्रियाएँ देते हुए यूजर्स यही कह रहे हैं कि हालिया कानून व्यवस्था तो देख नहीं रहें है बस पूर्व की सरकार पर हमला बोल रहें हैं.

एक अन्य यूजर ने लिखा, श्न बसपा सरकार का भूले और न बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा देकर आज यू पी में बेटियों को अनाथ करके अपना नारा सार्थक करने वालों को आवाम पीढ़ियों तक नहीं भूल पाएगा, गांव के गरीब परिवारों के शिक्षा मित्रों की बेटियों का क्या हाल है ये नारा देने वाली भाजपा व उसकी सरकारों को पता है.

–एजेंसी

-:: संक्षिप्त समाचार ::-

प्रधान मंत्री के फैसले को ष्झुक जानाष या ष्कमजोरीष के रूप में देखना सही नहीं है. लोकतंत्र में लोगों की इच्छा सुनने से बड़ा कुछ नहीं होता और ऐसा करने वाले नेता से बड़ा लोकतांत्रिक कोई हो नहीं सकता'– कैप्टन अमरिंदर

पीलीभीत– महिला डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर पर सेक्स रैकेट चलाने का आरोप, 12 छात्राओं के साथ गलत हरकत करने का आरोप, शिकायत करने पर बदनाम करने की देता था धमकी, SP के आदेश पर छात्राओं के बयान और थ्ट दर्ज

उत्तर प्रदेश के जिला गोरखपुर में कुछ देर पहले घर में घुसकर महिला की गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई. जबकि आज पूरी सरकार गोरखपुर में है. सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद है

गोरखपुर के बड़हलगंज में बेखौफ बदमाशों ने दिन दहाड़े घर में घुसकर थाईलैंड की महिला की गोली मारकर हत्या कर दी,बड़हालगंज के सिधुआपार की रहने वाली पुष्पा देवी(37) के पति थाईलैंड बैंकाक में रहकर बिजनेस करते थे पुष्पा भी पति और बच्चों के साथ बैंकाक ही रहती थीं. साल 2017 में पुष्पा के पति की हार्टअटैक से मौत हो गई थी.

राहुल गांधी का ट्वीट देश का किसान समझ गया है कि मोदी सरकार ने उन्हें धोखा दिया है और अब वो पीछे नहीं हटने वाला क्योंकि वो जानता है कि अगर आज समझौता कर लिया तो उसका भविष्य नहीं बचेगा. किसान हिंदुस्तान है! हम सब किसान के साथ हैं, डटे रहिए.

मेरठ, मवाना में दुकान में भयंकर आग लगने से दुकान मालिक का 25 वर्षीय बेटा और 2 नौकर जिंदा जल गये,मोबिल ऑयल की दुकान और गोदाम में आग का लगना बताया जा रहा है, शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की जानकारी है, करीब 50 लाख का नुकसान होने की खबर है,

शिवपाल यादव का बड़ा बयान, कहा– समाजवादी पार्टी से विलय के लिए तैयार है उनकी पार्टी च्च्स्, एक हफ्ते में पार्टी के लोगों से राय लेकर करेंगे अंतिम फैसला, अपने समर्थकों के लिए 100 सीटें चाहते हैं शिवपाल यादव

समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं. एक तरफ अखिलेश यादव की रथयात्रा प्रदेश भर में चल रही है तो वहीं गठबंधन के लिए भी लगातार बातचीत चल रही है. एक तरफ अखिलेश ने पूर्वी यूपी में सुलेहदेव भारतीय समाज पार्टी को साध लिया है तो वहीं पश्चिम यूपी में रालोद के साथ डील पक्की होने वाली है. सूत्रों के मुताबिक जयंत चौधरी की पार्टी रालोद को पश्चिम यूपी में 36 सीटें मिल सकती हैं. इसके अलावा दो से तीन सीटों पर रालोद के सिंबल पर सपा के नेता चुनावी समर में उतर सकते हैं. इस महीने के आखिर तक अखिलेश यादव और जयंत चौधरी यूपी में सीट शेयरिंग फॉर्म्यूले का ऐलान कर सकते हैं. सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रीय लोक दल ने शुरुआत में 62 सीटों की मांग की थी, लेकिन समाजवादी पार्ट.

सहारनपुर. सदर बाजार स्थित कोर्ट रोड पर युवा व्यापारी की हार्ट फेल होने से मौत हो गई . व्यापारी अमित कालरा अपनी दुकान पर ही खड़े थे अचानक वो लड़खड़ा कर जमीन पर गिर गए और वही उनकी मौत हो गई. ये पूरी घटना मार्किट मे लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. युवा व्यापारी की मौत से मार्केट और परिजनों में शोक की लहर.

किसानों के बाकी मसलों के हल निकले बिना हम घर नहीं जाएंगे: राकेश टिकैत

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने सोमवार को कहा कि तीनों कृषि क़ानूनों को रद्द करने के साथ–साथ किसानों के कई मसले हल किए जाने की जरूरत है.

उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वो इन क़ानूनों को रद्द करने के एलान के बाद अब किसानों के बाक़ी बचे मसले हल करने के लिए उनसे बात नहीं करना चाहती.

राकेश टिकैत लखनऊ के कांशीराम ईको पार्क में आयोजित किसान महापंचायत में बोल रहे थे, जहां बड़ी संख्या में किसान इकट्ठा हुए हैं. एमएसपी अधिकार महापंचायत नाम की इस रैली का आयोजन संयुक्त किसान मोर्चा ने किया है.

राकेश टिकैत ने एमएसपी अधिकार महापंचायत नाम के इस आयोजन में सरकार से मांग की है कि वो उन्हें साफ बताए कि क्या तीनों क़ानून सही अर्थों में रद्द हो चुके हैं. उन्होंने ये भी मांग की कि सरकार अन्य मसलों पर भी उनके संगठन से बात शुरू करे ताकि किसान अपने गांव जा सकें.

–एजेंसी

एयरटेल के 32 करोड़ ग्राहकों के लिए बुरी खबर

एयरटेल के 32 करोड़ ग्राहकों के लिए बुरी खबर, कंपनी ने प्रीपेड प्लांस के टैरिफ में 20–25 फीसदी का किया इजाफा

टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने सोमवार को अपने प्रीपेड प्लांस के टैरिफ में 20 से 25 फीसदी तक का इजाफा करने का एलान किया है.

इस बढ़ोतरी के दायरे में वॉइस प्लांस, अनलिमिटेड वॉइस बंडल प्लान और डेटा टॉप अप प्लान शामिल हैं. समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, नई दरें 26 नवंबर से प्रभावी हो जाएंगी.

वॉइस प्लान की शुरुआती दरों में 25 फीसदी का इजाफा किया गया है जबकि अनलिमिटेड वॉइस बंडल प्लान में 20 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है. सुनील मित्तल की कंपनी एयरटेल के पास इस समय 32 करोड़ 30 लाख उपभोक्ता हैं.

कंपनी ने डेटा टॉप अप प्लांस में भी 20 से 21 फीसदी तक की वृद्धि की है.

टैरिफ बढ़ोतरी का एलान करते हुए एयरटेल ने कहा है कि उनकी कंपनी का मानना है कि एआरपीयू (एवरेज रेवेन्यु पर यूजर) 200 रुपये होना चाहिए और आखिरकार इसे 300 रुपये के स्तर पर लाया जाना चाहिए ताकि लगाई गई पूंजी पर वाजिब रिटर्न मिल सके और कारोबार के लिहाज से एक बढ़िया बिजनेस मॉडल तैयार किया जा सके.

एयरटेल ने अपने बयान में कहा है कि इस कदम से भारत में 5जी लॉन्च करने में भी एयरटेल को सहूलियत होगी. इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए कंपनी ने नवंबर के दौरान टैरिफ में संतुलन साधने की दिशा में कदम बढ़ाया है.

–एजेंसी

क्या कोरोना वायरस फिर सक्रीय हो रहा है?

पेरिस : फ्रांस में कोरोना वायरस का प्रकोप काफी बढ़ गया है. देश के प्रधानमंत्री जीन कैसटेक्स भी कोरोना संक्रमित हो गए हैं. प्रधानमंत्री ने खुद को आइसोलेट कर लिया है और वे बंद कमरे से ही अपना काम जारी रखेंगे.इससे पहले प्रधानमंत्री की बेटी के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी. दरअसल प्रधानमंत्री बेल्जियम के दौरे से वापस आए हैं. बता दें कि देश में कोरोना संक्रमण के कारण हालात चिंताजनक हैं. 24 घंटों के भीतर ही सक्रिय मामलों में ऐसी बढ़त हुई है जो लोगों के मन में खौफ पैदा कर रहा है. देश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मात्र 24 घंटों में आइसीयू में इलाज के लिए भर्ती कोरोना संक्रमितों की संख्या 67 से 1409 हो गई. यह इजाफा 30 सितंबर के बाद देखने को मिला है.

फ्रांसीसी कैरेबियाई द्वीप ग्वाडेलूप में कोविड–19 प्रोटोकाल के पालन व टीकाकरण को लेकर हुए दंगों के बाद सोमवार को स्कूल बंद कर दिए गए. फ्रांस सरकार ने कानून–व्यवस्था बरकरार रखने के लिए विशेष पुलिस बल को निर्देश दे दिए. फ्रांस द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों के लिए कोविड टीकाकरण अनिवार्य करने और रेस्तरां व अन्य जगहों में प्रवेश के लिए हेल्थ पास की अनिवार्यता से नाराज लोग सड़कों पर उतर आए हैं. रायटर के अनुसार, दंगों में संलिप्त कम से कम 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

अफ्रीका में कोविड–19 के कुल मामले 8,582,983 हैं. अफ्रीका सेंटर्स फार डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (।तिपबं ब्क्ब) ने कहा कि यहां अब तक कुल 221,721 संक्रमितों की मौत हो चुकी है. दक्षिण अफ्रीका, मोरक्को, ट्यूनिशिया और इथियोपिया में संक्रमण के मामले अधिक हैं.

2019 के अंत में चीन से निकले कोरोना वायरस से अब तक पूरी दुनिया में 257,520,965 लोग संक्रमित हो चुके हैं और 5,150,520 संक्रमितों की मौत हो चुकी है. हालांकि इससे बचाव के लिए दुनिया भर में टीकाकरण जारी है और अब तक कुल 7,392,037,014 को वैक्सीन लगाई जा चुकी है. महामारी की शुरुआत से अब तक सबसे खराब हालत अमेरिका का है जहां अब तक कुल 47,730,591 कोरोना के चपेट में आ चुके हैं और 771,118 की मौत हो चुकी है.

2025 तक पांच मेट्रो कॉरिडोर हो जाएंगे ड्राइवरलेस

दिल्ली मेट्रो के पिंक लाइन कॉरिडोर पर आज से मेट्रो बगैर चालक दौड़ने लगेगी. सुबह 11.30 बजे केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी और दिल्ली के परिवहन मंत्री अनअटेंड ट्रेन ऑपरेशन (यूटीओ) यानी ड्राइवरलेस मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे.इसके बाद मजलिस पार्क–शिव विहार के बीच ड्राइवरलेस मेट्रो में यात्रियों को सफर का मौका मिल सकेगा.

पिंक लाइन कॉरिडोर के 58.43 किलोमीटर में 38 स्टेशनों से चालक रहित मेट्रो में सफर का मौका मिल जाएगा. मजेंटा लाइन के बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) की ओर से पिंक लाइन कॉरिडोर को ड्राइवरलेस करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई.11 महीने बाद सभी तकनीकी बदलाव के बाद पिंक लाइन पर मेट्रो को पूर्ण तौर पर स्वचालित कर दिया गया.

मेट्रो की पिंक लाइन के शेष हिस्से पर मयूर विहार–पॉकेट वन–त्रिलोकपुरी संजय लेक के बीच मेट्रो की सुविधा न होने से इस लाइन को ड्राइवरलेस करने में देरी हुई.

दिल्ली मेट्रो के पिंक लाइन के ड्राइवरलेस होने से यात्रियों को रिंग रोड के नजदीकी स्टेशनों से स्चालित मेट्रो में सफर का मौका मिलने लगेगा. इस लाइन पर ड्राइवरलेस मेट्रो सेवा की शुरुआत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये की जाएगी.

पिंक लाइन की कुल लंबाई लाइन 58. 43 किलोमीटर के दायरे में 38 स्टेशन हैं. इनमें 26 एलिवेटेड जबकि 12 भूमिगत स्टेशन हैं.मार्च 2018 से अगस्त 2021 के दौरान पांच चरणों में पिंक लाइन कॉरिडोर पर टुकड़ों में अलग अलग सेक्शन पर मेट्रो सेवाएं शुरू हुई. दिल्ली मेट्रो के सबसे लंबे कॉरिडोर के पूरा होने के तीन महीने बाद

ही इसे दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने ड्राइवरलेस कर, एक नई कामयाबी हासिल कर ली है. मजेंटा लाइन पर मेट्रो सेवाएं जब ड्राइवरलेस हुई थी तो पहले दिन यात्रियों को जब इसकी जानकारी मिली तो कुछ यात्री बीच के स्टेशनों पर ही उतर गए और दूसरे परिवहन साधनों को अपनाया.

पिंक लाइन के शेष हिस्से को भी अगस्त, 2021 में यात्रियों के लिए मेट्रो सेवाओं की शुरुआत कर दी गई. इससे पहले मजलिस पार्क से मयूर विहार पॉकेट–वन और शिव विहार से त्रिलोकपुरी संजय झील के बीच मेट्रो सेवाएं अलग अलग छोर पर मिल रही थी.

मेट्रो के ड्राइवरलेस होने से फ्रिक्वेंसी बढ़ जाएगी. 90 सेंकेंड के अंतराल पर मेट्रो की सुविधा यात्रियों को उपलब्ध होगी.

2025 तक पांच मेट्रो कॉरिडोर हो जाएंगे ड्राइवरलेस दिल्ली मेट्रो फेज–4 के तीनों कॉरिडोर पर भी मेट्रो ड्राइवरलेस होगी. मजेंटा के बाद पिंक लाइन कॉरिडोर को ड्राइवरलेस किया जा रहा है. फेज–4 के तीनों कॉरिडोर के जुड़ने के बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन(डीएमआरसी)का ड्राइवरलेस नेटवर्क करीब 160 किलोमीटर का हो जाएगा. इस फेज के तहत सबसे पहले मौजपुर–मजलिस पार्क के बीच(12. 555)किलोमीटर में मेट्रो निर्माण का कार्य दो साल में पूरा किए जाने की उम्मीद है. इसके बाद देश का पहला रिंग मेट्रो कॉरिडोर भी तैयार हो जाएगा. पिंक लाइन के करीब 96 किलोमीटर के साथ फेज–4 के तीन कॉरिडोर (करीब 65 कि.मी) के जुड़ने पर दिल्ली मेट्रो का नाम ड्राइवरलेस मेट्रो के लिहाज से अग्रणी देशों में शुमार होगा.

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के दो कॉरिडोर को ड्राइवरलेस करने के लिए कम्यूनिकेशन बेस्ट ट्रेन कंट्रोल (सीबीटीसी) तकनीक को अपनाया गया. मजेंटा और पिंक लाइन मेट्रो को इस तकनीक से जोड़ने के बाद फेज–4 के तीनों कॉरिडोर पर इसी तकनीक को लागू किया जाएगा. इस तकनीक से मेट्रो परिचालन की निगरानी के लिए मेट्रो के आगे कैमरे लगे होंगे. कैमरे लगे होने से ट्रैक पर किसी तरह की बाधा की सूचना ऑपरेशन एंड कंट्रोल सेंटर (ओसीसी) को मिल जाएगी. ट्रेनों के परिचालन की पल पल इसी सेंटर से निगरानी की जाएगी ताकि किसी तरह की बाधा या रुकावट की जानकारी तत्काल मिल सके.

दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों के मुताबिक मौजपुर–मजलिस पार्क पर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है. 12.558 किलोमीटर के इस कॉरिडोर पर आठ स्टेशन होंगे. इसी दायरे में सिग्नेचर ब्रिज के उपर एक ब्रिज का भी निर्माण किया जा रहा है और 2023 तक इस कॉरिडोर पर मेट्रो सेवाएं शुरू होने की उम्मीद है.

मौजपुर–मजलिस पार्क के बीच मेट्रो के विस्तार के बाद पिंक लाइन का रिंग कॉरिडोर करीब 70 किलोमीटर लंबा हो जाएगा. इस कॉरिडोर पर आठ स्टेशन होंगे. इसपर मेट्रो सेवाएं शुरू होने से गाजियाबाद, लोनी, मेरठ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा सहित एनसीआर के कई शहरों के मेट्रो यात्रियों को राहत मिलेगी. इस कॉरिडोर के आठ स्टेशन भजनपुरा, यमुना विहार, खजूरी खास, सुरघाट, सोनिया विहार, जगतपुर गांव, झड़ौदा माजरा और बुराड़ी हैं. फेज–4 के तीनों कॉरिडोर में यह सबसे छोटा हैं, इसलिए सबसे पहले इसपर मेट्रो सेवाएं शुरू की जाएंगी.

नेताजी सुभाष प्लेस, वेलकम, आईएनए, आजादपुर सहित राजौरी गार्डन, मयूर विहार, फेज–1, आनंद विहार और कड़कड़डूमा, पंजाबी बाग वेस्ट, वजीराबाद, सुरघाट और लाजपत नगर, दुर्गाबाई देशमुख (साउथ कैंपस), मजलिस पार्क सहित आठ लाइनों के स्टेशनों पर इंटरचेंज की सुविधा होगी. धौला कुआं से साउथ कैंपस को जोड़ने वाले फुटओवर ब्रिज से पिंक लाइन के यात्रियों को सीधे एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर सफर और भी आसान हो जाएगा.

–एजेंसी

-:: संक्षिप्त समाचार ::-

अमेरिका में भीड़ को एसयूवी ने रौंदा, पांच की मौत, ४० घायल

अमेरिकी पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि विस्कॉन्सिन राज्य में एक तेज रफ्तार कार के भीड़ में घुसने से कम से कम पांच लोगों की मौत और 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए.

लाल रंग की एक एसयूवी विस्कॉन्सिन के वौकेशा शहर में चल रही है क्रिसमस परेड को रौंदती हुई आगे बढ़ गई.

परेड में स्कूल बैंड और डांस ट्रूप शामिल थे. कार की चपेट में आने वाले लोगों में बच्चे भी शामिल थे. घटना के बाद एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है.

पुलिस का कहना है कि ये घटन फिलहाल चरमपंथी घटना जैसी नहीं लग रही है.

शहर के पुलिस प्रमुख डैन थॉम्पसन ने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने संदिग्ध वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है.

मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने दी गिरफ्तारी से राहत

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुबंई के पुलिस पुलिस कमिश्नर परम बीर सिंह को छह मामलों में गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा देने का आदेश दिया है.

ये मामले महाराष्ट्र में उनके ख़िलाफ दर्ज किए गए हैं. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के डीजीपी और सीबीआई को उनकी याचिका पर नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है.

परम बीर सिंह ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ 100 करोड़ रुपये की अवैध उगाही करने का आरोप लगाया था.

उनका ये आरोप है कि उन्हें आपराधिक मामलों में फंसाया जा रहा है. गिरफ्तारी से बचाव के अलावा परम बीर सिंह ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की भी मांग की है.

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने परम बीर सिंह को जांच के लिए उपलब्ध होने का आदेश भी दिया है और कहा है कि इस बीच उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा.

सौतेली मां ने की आठ साल के बच्चे की हत्या

की हत्या कर शव कुंए में फेंक दिया. इसके बाद आरोपी महिला इस तरह से व्यवहार कर रही थी जैसे कि उसे इस मामले की कोई जानकारी ही न हो.थाना क्षेत्र के ग्राम विनेकाटोरन निवासी गजेंद्र राजपूत शनिवार सुबह अपने खेत में पानी लगाने के लिए गया था. वापस आने पर उसकी पहली पत्नी का आठ वर्षीय पुत्र शिवम घर में नहीं मिला. गजेंद्र ने सोचा कि बेटा गांव में कहीं खेलने चला गया होगा. लेकिन वह दोपहर तक नहीं लौटा तो सभी ने उसकी काफी खोजबीन की. गजेंद्र ने अपनी पत्नी(बच्चे की सौतेली मां) से पूछा कि बेटा कहां है. लेकिन उसने कोई जानकारी नहीं दी. इसके बाद उसे शक हुआ फिर गांव वालों को लेकर खोजबीन की.

परिजनों का शक घर के पीछे बने कुंए पर गया. कुंए का पानी निकाला गया तो शिवम का शव पड़ा मिला. जिसकी सूचना परिजनों ने थाना पुलिस को दी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

क्यूं मणिशंकर अभी भी देश को गुलाम समझते हैं?

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा, श्शपिछले 7 साल में हम देख रहे हैं कि गुटनिरपेक्षता की तो बात ही नहीं होती है. शांति की बात ही नहीं होती है. अमेरिकियों के गुलाम बनकर बैठे हैं और कहते हैं कि....वो कहते हैं कि चीन से बचो. हम कहें कि चीन के सबसे करीब के दोस्त तो आप ही हो.श्श मणिशंकर अय्यर बतौर मुख्य अतिथि जिस सेमिनार में ये सब बोल रहे थे, वो भारत और रूस के रिश्तों को लेकर आयोजित हुआ था. वो जो कुछ कह रहे थे, उसका लब्बोलुआब ये था कि भारत और रूस के रिश्ते बरसों पुराने हैं, लेकिन जब से मोदी सरकार आई है, ये रिश्ता कमजोर हुआ है. मणिशंकर अय्यर ने कहा कि 2014 तक रूस के साथ हमारे जो संबंध हुआ करते थे, वो काफी कम हो चुके हैं. उसमें काफी चोट लगी है.

इससे पहले मणिशंकर अय्यर ने मध्यकालीन इतिहास को लेकर अपनी ज्ञान की गंगा बहाई थी. उन्होंने कहा, अकबर ने 50 साल तक देश पर राज किया. इसी को मद्देनजर रखते हुए जहां मैं रहता था, उस सड़क का नाम अकबर रोड था. हमें कोई एतराज नहीं था. हमने कभी नहीं कहा कि महाराणा प्रताप रोड बना दीजिए, क्योंकि हम अकबर को अपना समझते हैं उसे गैर नहीं समझते.

कंगना रनौत ने 1947 में मिली आजादी को भीख बताते हुए कहा था कि देश को आजादी 2014 में मिली है. तो वहीं कांग्रेस के मणिशंकर अभी भी देश को गुलाम समझते हैं. कंगना ने अपने बयान से कहीं ना कहीं बीजेपी की मुश्किल बढ़ाई और अब कांग्रेस के लिए वही काम मणिशंकर कर रहे हैं. मणिशंकर अय्यर अक्सर तभी सक्रिय होते हैं, जब देश में कहीं कोई अहम चुनाव होता है और विवादों से तो खैर इनका चोली–दामन का नाता है. देश में 5 राज्यों में चुनाव करीब हैं.

